भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर में एक माह का हरित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर में स्थित मरूस्थलीय पर्यावरण एवम् सूचना प्रणाली (एनविस) केन्द्र द्वारा दिनांक 14 सितम्बर, 2019 को हरित कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शुष्क क्षेत्र में “वृक्षारोपण तकनीकें और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग” विषय पर एक माह अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर श्री विकास अरोड़ा, सहायक वन संरक्षक, जोधपुर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम से वृक्षारोपण तकनीकें एवम् नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग के महत्त्व के बारे में प्रचार एवम् प्रसार होगा। उन्होंने प्रतिभागियों से जोर देकर कहा कि कार्यक्रम में ज्ञान अर्जित करें एवम् संसाधनों का किस तरह उपयोग कर सकते हैं, इसे बहुत ही अच्छे तरीके से समझना है।

डॉ. ओ.पी. यादव, निदेशक, काजरी, जोधपुर ने अपने सम्बोधन में सभी प्रतिभागियों को कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के हर विषय को बहुत लगन से सीखने की कोशिश करें और इस पाठयक्रम से प्राप्त कौशलता को अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जागरूकता लायें। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण, इस क्षेत्र में आजीविका को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम में डॉ. जे.पी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक एवम् समन्वयक, एनविस ने हरित कौशल विकास कार्यक्रम एवम् इस प्रशिक्षण के सम्बंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना वर्मा, वैज्ञानिक, काजरी ने किया एवम् डॉ. सुरेन्द्र पूनिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक, काजरी ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों एवम् तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। इस पाठयक्रम में पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागी एक माह तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।